कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
घण्टाघर, सहारनपुर।

पत्रांकः– 263 / वि0वि0म0द्वितीय/स0पुर/निविदा

दिनांक :– 29/04/22

विज्ञापन व्यवस्थापक
पंजाब केसरी
नई दिल्ली।

विज्ञापन व्यवस्थापक
शाह टाईम्स
मुजफ्फरनगर।

**विज्ञापन आदेश**

महोदय,

कृपया संलग्न 1 नं0 विज्ञापन निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र मे दिनांक 30.04.2022 तक के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्रों के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेंडिग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएँ जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाएँ बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अग्रेंजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अग्रेंजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की समाग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा मे करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्रीय हित में बिजली बचाऐं का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति
2–विज्ञापन समाग्री 1 नं0

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-I
SAHARANPUR

पत्रांकः– / दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्नित निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3. उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
4. अधि ासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, सहारनपुर/रामपुरमनिहारान/नकुड़।
5. नोटिस बोर्ड

अधीक्षण अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,

## निविदा सूचना

एतद्द्वारा विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर के अर्न्तगत निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा जिनकी नियम व शर्ते वेबसाईट www.pvvnl.org एवं www.etender.up.nic.in पर ई–टेण्डर फॉम मे विस्तार से अंकित है। निविदा प्रपत्र मूल्य 1180.00 (जी0एस0टी सहित) की धनराशि इस कार्यालय के बैंक सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, कोर्ट रोड, सहारनपुर के खाता सं0 3668938333 आई0एफ0एस0सी0 कोड CBIN0281443 मे आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा करायी जाये तथा बैंक जमा का साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 सं0, पे–इन–स्लिप मूल की प्रति, ई–टेण्डर के प्रपत्रो के साथ आन–लाईन अपलोड की जायेगी। निविदा खुलने के दिन कोई सार्वजनिक अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। किसी एक अथवा सभी निविदाये बिना कोई कारण बताये निरस्त करने/रि–टेण्डर/दिनांक विस्तारित करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। अल्पकालीन ई–निविदा सं0 23/डब्लू/2022–23 कार्य का नाम विद्युत वितरण उपखण्ड आई0टी0आई0 के कार्यक्षेत्र मे विभिन्न श्रेणी के क्षतिग्रस्त परिवर्तक को रनिंग कान्ट्रैक्टर के माध्यम से बदलने का काय। धरोहर राशि रू0 1800.00 (एक हजार आठ सौ रूपये) ई–निविदा सं0 24/डब्लू/2022–23 कार्य का नाम विद्युत वितरण उपखण्ड आई0टी0आई0 के कार्यक्षेत्र मे 11 के0वी0 एवं एल0टी0 लाईनो से सम्बन्धित मेजर ब्रेकडाउन, रिअरेन्जमेन्ट, सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग आदि रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। धरोहर राशि रू0 2000.00 (दो हजार रूपये) ई–निविदा सं0 25/2022–23 कार्य का नाम विद्युत वितरण उपखण्ड आई0टी0आई0 के कार्यक्षेत्र मे प्रणाली सुधार एवं बिजनेस प्लान योजना मे स्वीकृत प्राक्कलनो/पैकेजो के अन्तर्गत 11 के0वी0 लाईनो एवं विभिन्न क्षमता के परिवर्तक को स्थापित करने हेतु रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। धरोहर राशि रू0 2000.00 (दो हजार रूपये) ई–निविदा सं0 26/2022–23 कार्य का नाम विद्युत वितरण उपखण्ड नानौता के कार्यक्षेत्र मे नानौता साईट/ग्राम जैदपुरा मार्ग पर स्थिति कुडा प्रोसेसिंग प्लांट/डपिंग ग्राउड पर 25 के0वी0ए0 का विद्युत संयोजन निर्गत करने का कार्य। धरोहर राशि रू0 2000.00 (दो हजार रूपये) निविदायें भाग 1:– उपरोक्त निविदाओ की प्राईसबीड निविदा संख्या 23/डब्लू/2022–23 के खुलने की दिनांक 16.05.2022 एवं निविदा संख्या 24, 25 एवं 26/डब्लू/2022–23 के खुलने के दिनांक 27.05.2022 पर 13.00 बजे तक **www.etender.up.nic.in** भरी जायेगी और निविदा का टैक्नोकॉमर्शियल प्रथम–भाग निविदा खुलने के दिनांक पर 13:30 खोला जायेगा एंव निविदा का द्वितीय–भाग यथा समय खोला जायेगा। कृपया वेब साईट **www.pvvnl.org**, एवं **www.etender.up.nic.in** पर विस्तार में सभी जानकारी, विवरण/डाउनलोड़ तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार के लिये निविदा खुलने की दिनांक से पहले तक लॉग ऑन करे। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर।

"बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें : 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ)

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय,सहारनपुर

Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with CamScanner